**MORNING GLORY LEASING AND FINANCE LIMITED**
**Iris House, 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046**
**CIN: L67120DL1984PLC018872**

Date: 05.09.2024

To,
The Head- Listing & Compliances
Metropolitan Stock Exchange of India Limited
Vibgyor Towers, 4th floor, Plot No C 62, G - Block,
Opp. Trident Hotel, Bandra Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai– 400098

**Sub:- Newspaper advertisements**

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed herewith copies of newspaper advertisements published in the following newspapers on 05th September, 2024, both the newspapers having electronic editions, inter-alia intimating that 40th Annual General Meeting of the Company will be held on Monday, 30th September, 2024.

1. English Daily 'Top Story'.

2. Hindi Daily 'Metro Media'.

Kindly take a note of the same.

Yours Faithfully,
For Morning Glory Leasing and Finance Limited

RAMAN KUMAR
Digitally signed by RAMAN KUMAR
Date: 2024.09.05 12:06:32 +05'30'

Raman Kumar
Company Secretary and Compliance Officer
ACS 14972

Encl: As Above

Phone No. : +91 1147119100
Email: morninggloryleasing@gmail.com

## पांच नवनिर्वाचित नेताओं ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली

**नई दिल्ली,एजेंसी।**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की किरण चौधरी सहित उच्च सदन के लिए नवनिर्वाचित सदस्यों ने बुधवार को यहां राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें संसद भवन स्थित अपने कक्ष में शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले अन्य नेताओं में रामेश्वर तेली (भाजपा), केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन और धैर्यशील मोहन पाटिल (भाजपा) शामिल थे। इन सभी नेताओं ने हाल ही संपन्न राज्यसभा के उपचुनाव में जीत दर्ज की थी।

उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी पिछले दिनों तेलंगाना से राज्यसभा के लिए हुए उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। के केशव राव के भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने के बाद राज्यसभा से इस्तीफा देने के चलते यह उपचुनाव कराया गया था। धैर्यशील पाटिल महाराष्ट्र से, रामेश्वर तेली असम से जबकि कुरियन मध्य प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, सर्बानंद सोनोवाल और ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित कुछ अन्य मौजूदा सदस्यों के हाल ही में लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद खाली हुई 12 सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की गई थी।

# महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण से होगी देश की प्रगति: राष्ट्रपति मुर्मू

### कहा, पुरुषों को महिलाओं की क्षमताओं को पहचानकर उनके सपनों को हासिल करने में उनकी मदद करनी चाहिए

**उदगीर, एजेंसी।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण से देश की प्रगति और विकास होगा। उन्होंने यह भी कहा कि पुरुषों को महिलाओं की क्षमताओं को पहचानकर उनके सपनों को हासिल करने में उनकी मदद करनी चाहिए। यह उल्लेख करते हुए कि महिलाओं का सम्मान करना भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहा है, उन्होंने देश के कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की।

मुर्मू महाराष्ट्र में लातूर जिले के उदगीर में एक सभा को संबोधित कर रही थीं जहां एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार की 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना' तथा 'शासन आपल्या दारी' कार्यक्रमों के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र दिए गए। राष्ट्रपति ने कहा, भारत सरकार द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, देश के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी काफी बढ़ी है। सरकार की मदद से महिलाएं हर क्षेत्र में योगदान दे रही हैं। लेकिन इसमें और अधिक प्रयास करने की जरूरत है ताकि उनकी भागीदारी और बढ़े।



उन्होंने कहा कि पुरुषों को महिलाओं की क्षमताओं को पहचानना चाहिए और उनके सपनों को पूरा करने में मदद करनी चाहिए। मुर्मू ने कहा, हर महिला कई बाधाओं के बाद अपने लक्ष्य तक पहुंचती है। लेकिन एक महिला के लिए पैदा की गईं बाधाएं देश की विकास की गति को भी कम कर सकती हैं। उन्होंने कहा,हम अपने देश को 'मातृभूमि' कहते हैं और इस तरह हम महिलाओं के प्रति अपना सम्मान दिखाते हैं। महिलाओं का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है और इसे हर परिवार की मूल्य प्रणाली में भी प्रतिबिंबित होना चाहिए।

सरकारी योजनाओं के बारे में उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों को उनकी प्रशिक्षुता के दौरान वजीफा प्रदान कर रही है, जिससे उन्हें आत्मविश्वास मिलेगा। मुर्मू ने कहा, राज्य सरकार का यह कदम सराहनीय है। यह सामाजिक, वित्तीय, शैक्षिक विकास के लिए काम कर रही है और महिलाओं को इसका लाभ उठाना चाहिए, स्वतंत्र बनना चाहिए और राज्य तथा देश के विकास में योगदान देना चाहिए।


उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाओं की है और जिस तरह वे अपना परिवार चलाने में आगे हैं, उसी तरह उन्हें देश के लिए भी योगदान देना चाहिए। मुर्मू ने कहा, महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण से देश की प्रगति और विकास होगा। राष्ट्रपति के अनुसार, देश में लगभग एक करोड़ महिलाएँ लखपति दीदी (प्रति वर्ष एक लाख रुपये से अधिक कमाने वाली) बन गई हैं और उनमें से 13 लाख महाराष्ट्र से हैं।

उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने अब लक्ष्य को दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ लखपति दीदी कर दिया है।

## कांग्रेस के साथ गठबंधन समय की मांग: फारुक अब्दुल्ला

**श्रीनगर,एजेंसी।**

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी ने भाजपा की सांप्रदायिक और विभाजनकारी राजनीति से मुकाबला करने के लिए जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने दक्षिण कश्मीर की डूरू सीट से कांग्रेस उम्मीदवार जी ए मीर के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।



■ फारुक अब्दुल्ला ने कहा भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के जवाब में कांग्रेस के साथ गठबंधन किया।

इस दौरान मंच पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी मौजूद थे। अब्दुल्ला ने कहा, वे (भाजपा) लोगों को धर्म के नाम पर बांट रहे हैं। इसलिए हमने यह गठबंधन किया है। हम सम्मानजनक जिंदगी चाहते हैं। इसलिए हम सभी को एक साथ आना होगा। उन्होंने नेकां के मतदाताओं से गठबंधन के उम्मीदवार मीर को वोट देने का आग्रह किया। फारुक ने कहा, आपको कांग्रेस या नेकां को देखने की जरूरत नहीं है। आपको इन विभाजनकारी ताकतों से लड़ने के लिए एक साथ हाथ आना होगा।

इससे पहले, डूरू रैली में भाग लेने के लिए अपने आवास से निकलते समय श्रीनगर में अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस के साथ उनकी पार्टी का गठबंधन कोई मजबूरी नहीं है, बल्कि जम्मू-कश्मीर के विकास और केंद्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए समय की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि गांधी का केंद्र शासित प्रदेश का दौरा उन लोगों के मुंह पर तमाचा है जो जम्मू-कश्मीर के मुख्यधारा के नेताओं को पाकिस्तानी या खालिस्तानी कहते हैं। रैली को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला ने दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में जम्मू-कश्मीर के लोगों ने बेहद कठिन दौर देखा है।

उन्होंने कहा, एक बात याद रखें, इन 10 वर्षों में जो मुश्किल हालात रहे हैं उसके बावजूद हम जिंदा है यह खुशी की बात है। उन्होंने हमारा जीना दुश्वार कर दिया। सभी अधिकारी बाहर से हैं। वे इस जगह के बारे में क्या जानते हैं।

हमें इन लुटेरों से खुद को बचाने की जरूरत है। पूर्व मुख्यमंत्री ने लोगों से बड़ी संख्या में मतदान करने का आग्रह किया ताकि हमारी बहनें, हमारी माताएं और हमारे बच्चे सम्मान और गरिमा के साथ रह सकें।

अब्दुल्ला ने केंद्र द्वारा 2019 में किए गए जम्मू और कश्मीर के पुनर्गठन का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं सुना कि किसी राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में बदल दिया गया हो। हम मुस्लिम बहुल राज्य हैं और इसलिए वे हमें तोड़ना चाहते हैं।

## केरल में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**कोच्चि,एजेंसी।** केरल में युवा कांग्रेस ने बुधवार को कोच्चि समेत राज्य के विभिन्न भागों में विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के राजनीतिक सचिव और भारतीय पुलिस सेवा के कुछ शीर्ष अधिकारियों पर वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) विधायक पी.वी. अनवर के आरोपों को लेकर मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग की। कोच्चि में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पुलिस आयुक्त के कार्यालय की ओर मार्च करते हुए मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग की।

टीवी चैनलों पर दिखाए गए दृश्यों के अनुसार, पुलिस ने अवरोधक लगाकर कार्यकर्ताओं को रेक दिया और उन्हें तितर-बितर करने के लिए कई बार पानी की बौछारें कीं।

## दुनिया मौजूदा चुनौतियों के समाधान के लिए भारत की ओर देख रही है: प्रधान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कहा कि दुनिया हमारे युग की चुनौतियों के लिए नए मॉडल और समाधान को लेकर भारत की ओर देख रही है।

प्रधान ने अकादमिक बिरादरी से अपने संस्थानों को नया स्वरूप देने और ''राष्ट्रीय प्राथमिकताओं'' को हासिल करने का आह्वान भी किया।

मंत्री ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा आयोजित संस्थागत विकास योजना (आईडीपी) पर एक कार्यशाला में अपने संबोधन में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, हमारी शिक्षा को 21वीं सदी की आकांक्षाओं को संबोधित करना चाहिए और स्थानीय एवं वैश्विक चुनौतियों के लिए समाधान तैयार करना चाहिए। दुनिया हमारे युग की चुनौतियों के लिए नए मॉडल और समाधान को लेकर भारत की प्रतिभाओं की ओर देखती है।

उन्होंने कहा, मैं अकादमिक बिरादरी से आग्रह करता हूं कि वे अपने संस्थानों को नया स्वरूप देने, उच्च शिक्षा परिदृश्य को बदलने और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को प्राप्त करने के लिए केंद्रित और समयबद्ध तरीके से काम करें।

## एक नजर

### असम के शिक्षा सेतु ऐप को मिला ई-गवर्नेंस पुरस्कार

**गुवाहाटी,एजेंसी।** असम सरकार के 'शिक्षा सेतु एक्सोम' मोबाइल एप्लिकेशन को केंद्र के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा ई-गवर्नेंस में उत्कृष्टता के लिए स्वर्ण श्रेणी में पुरस्कृत किया है।

असम समग्र शिक्षा मिशन के निदेशक ओम प्रकाश और कार्यकारी निदेशक संजय दत्ता ने मंगलवार को मुंबई में ई-गवर्नेंस 2024 पर राष्ट्रीय सम्मेलन में यह पुरस्कार प्राप्त किया।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मुख्य स्टेशन पर मौजूदा वॉशिंग लाइन संख्या 18, 19, 20 और 21 के विद्युतीकरण के साथ 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,20,25,793.71 | बयाना राशि | ₹2,10,100/- |
| ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 17.09.2024 (10:30 बजे) से 01.10.2024 (15:00 बजे तक) | | |
| ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 01.10.2024 (15:00 बजे) | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in | | |

निविदा सं.: 15C-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक: 03.09.2024 2751/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## मुख्यमंत्री पद को लेकर एमवीए के घटक दलों में कोई टकराव नहीं: ठाकरे

**छत्रपति संभाजीनगर,एजेंसी।**

शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने बुधवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) के तीन घटक दलों के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई टकराव नहीं है। महाराष्ट्र में अगले कुछ महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं। ठाकरे ने कहा कि विपक्षी गठबंधन का उद्देश्य शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकना है।



ठाकरे छत्रपति संभाजीनगर, जालना, परभणी, हिंगोली और नांदेड़ जिलों के बारिश प्रभावित गांवों का दौरा करने से पहले यहां चिकलथाना हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि हमारी लड़ाई किसी के खिलाफ नहीं है। यह महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ है और हम चाहते हैं कि इस सरकार को राज्य की सत्ता से हटा दें। यह हमारा प्रमुख उद्देश्य है।

एमवीए के मुख्यमंत्री पद के दावेदार का नाम चुनाव के बाद तय होने के शरद पवार के बयान पर उन्होंने कहा, यह सही है।

## हिमाचल प्रदेश विधानसभा में शुरू होगा शून्यकाल

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में शून्यकाल का परिचालन शुरू होगा और इसके लिए मानक परिचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) बनाई जाएंगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद यह मुद्दा उठाया था जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष की टिप्पणी आई। चौहान ने कहा कि शून्यकाल शुरू करने के फैसले से पहले सरकार को विश्वास में नहीं लिया गया जिससे साबित होता है कि विधानसभा अध्यक्ष तटस्थ हैं और सरकार के दबाव में काम नहीं करते, जैसा कि कई बार विपक्ष दावा करता है।

## सिद्धारमैया को सम्मानपूर्वक पद छोड़ देना चाहिए: येदियुरप्पा

**शिवमोगा, एजेंसी।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को मैसुरू शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) के भूखंड आवंटन मामले में अदालत का फैसला आने से पहले सम्मानपूर्वक इस्तीफा दे देना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि अदालत के फैसले के बाद सिद्धरमैया के सामने इस्तीफे की स्थिति होगी। उन्होंने कहा, अदालत का फैसला आने पर सिद्धरमैया के सामने शत प्रतिशत इस्तीफा देने की स्थिति होगी।

मैं उन्हें सलाह देता हूं कि अदालत का फैसला आने से पहले सम्मानपूर्वक इस्तीफा दें। जिन भी घोटालों में उनका नाम है, वे साबित हो गए हैं और उनके बचने की कोई



गुंजाइश नहीं है। देखते हैं कि क्या होता है। येदियुरप्पा ने यहां संवाददाताओं से कहा, और अधिक लड़ाई की जरूरत नहीं है, एक तरह से चीजें अंतिम रूप में पहुंच गई हैं और उनके लिए स्वाभाविक रूप से इस्तीफे की स्थिति पैदा होगी। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मुडा मामले में मुख्यमंत्री के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर अंतरिम रोक सोमवार को नौ सितंबर तक बढ़ा दी।

अदालत ने मामले में सिद्धरमैया पर मुकदमे के लिए राज्यपाल थावरचंद गहलोत की मंजूरी की वैधता को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री की याचिका पर सुनवाई एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।

राज्यपाल ने 16 अगस्त को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत प्रदीप कुमार एस पी, टी जे अब्राहम और स्नेहमयी कृष्णा द्वारा उन्हें सौंपी गई याचिकाओं में उल्लिखित कथित अपराधों के मामले में मुकदमे की मंजूरी प्रदान की।

**Morning Glory Leasing & Finance Limited**
**Regd. Off: Iris House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi- 110046**
**CIN: L67120DL1984PLC018872 Tel. No.: +91 11 47119100**
**Email: morninggloryleasing@gmail.com, Website: www.morninggloryleasing.in**

**NOTICE**

NOTICE is hereby given that the 40th Annual General Meeting ("AGM") of the members of Morning Glory Leasing and Finance Limited will be held on Monday, the 30th day of September, 2024 at 11:00 A.M. at its registered office at IRIS House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi – 110046.

Notice is further given that pursuant to the provisions of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and Companies Act, 2013 read with Rules made thereunder, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Tuesday, 24th September, 2024 to Monday, 30th September, 2024 (both days inclusive) for the purpose of ascertaining the shareholders attending the AGM.

Members holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on 23rd September, 2024 (i.e. Cut-off date) may cast their vote electronically on the Businesses as set out in the Notice of the 40th AGM through Remote E-voting services provided by National Securities Depository Ltd ('NSDL'). All the members are informed that:

a) Notice of 40th AGM along with Annual Report for the FY 2023-24 has been sent to all the members in Physical form on their registered address through permissible mode.
b) The remote e-voting shall commence on 27th September, 2024 (09:00 a.m. IST) and end on 29th September, 2024 (05:00 p.m. IST).
c) Any person, who acquires shares of the Company and become member of the Company after dispatch of the notice and holding shares as on the cut-off date i.e. 23rd September, 2024, may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.com or bssdelhi@bigshareonline.com.
d) The facility for voting through Ballot Paper/Polling Paper shall be made available at the AGM and the members attending the meeting who have not cast their vote by remote e-voting shall be able to exercise their right at the meeting through Ballot paper/Polling Paper.
e) A member may participate in the AGM even after exercising his right to vote through remote e-voting but shall not be allowed to vote again at the AGM.
f) A person, whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the AGM through Ballot paper/Polling Paper.
g) The Notice of 40th AGM is available on the Company's website www.morninggloryleasing.in and also on the NSDL's website www.evoting.nsdl.com.
h) In case of any queries members may contact the undersigned at +91 11 47119100 and may also write to the undersigned at morninggloryleasing@gmail.com or at the Registered office address at IRIS House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi- 110046.

**For Morning Glory Leasing & Finance Limited**
**Sd/-**
**Raman Kumar**
**Company Secretary cum Compliance Officer**

**Date: 04.09.2024**
**Place: New Delhi**

## कांग्रेस ने शिवाजी की प्रतिमा के निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया

**पुणे, एजेंसी।**

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि तटीय सिंधुदुर्ग में गिर गयी शिवाजी महाराज की प्रतिमा के निर्माण पर मात्र 1.5 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि इस कार्य के लिए राज्य के खजाने से '236 करोड़ रुपये' निकाले गये थे।

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के अन्य नेताओं पर भी प्रहार किया जिन्होंने विपक्ष पर प्रतिमा गिरने की घटना का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया है।

विधानसभा चुनाव के सिलसिले में होने वाली पार्टी की निर्वाचन क्षेत्र समीक्षा बैठक से पहले यहां महाराष्ट्र के कांग्रेस मामलों के प्रभारी रमेश चेन्निथला ने आरोप लगाया कि



महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध और हत्याओं में वृद्धि हुई है, जो महायुति सरकार के तहत बिगड़ती कानून और व्यवस्था की स्थिति का प्रमाण है।

चेन्निथला ने संवाददाताओं से कहा, हर दिन हत्या तथा महिलाओं एवं बच्चों पर यौन हमले के मामले सामने आ रहे हैं। पुणे में दो हत्याएं हुईं। इससे पता चलता है कि कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार लोगों के प्रति असंवेदनशील है तथा घोटाले करने एवं पैसे बनाने में व्यस्त है।

पटोले ने दावा किया कि सिंधुदुर्ग जिले के राजकोट किले में शिवाजी महाराज की प्रतिमा के निर्माण के नाम पर राज्य सरकार के खजाने से लगभग 236 करोड़ रुपये निकाले गए। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया लेकिन हमारी जानकारी के अनुसार, प्रतिमा निर्माण कार्य एक से डेढ़ करोड़ रुपये में पूरा हुआ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अनावरण किये जाने के आठ महीने से अधिक समय बाद 26 अगस्त को यह प्रतिमा ढह गई, जिससे राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया।

एकनाथ शिंदे के आरोप पर पटोले ने कहा कि शिवाजी महाराज के 'अपमान' तथा बदलापुर घटना के खिलाफ नाराजगी प्रकट करने को मामले का राजनीतिकरण नहीं कहा जा सकता है। शिंदे ने कहा था कि विपक्ष प्रतिमा प्रकरण का राजनीतिकरण कर रहा है। ठाणे जिले के बदलापुर में एक स्कूल में एक पुरुष सहायक द्वारा चार वर्षीय दो बच्चियों का कथित तौर पर यौन शोषण किया गया। इस मुद्दे पर विपक्ष ने आरोप लगाया था कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने में देरी की।

## सीबीआई ने अनिल देशमुख पर मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली,एजेंसी।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं को कथित तौर पर झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश करने के लिए महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक नयी प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सीबीआई ने दो साल की प्रारंभिक जांच के बाद मामला दर्ज किया।

यह जांच एक पैन ड्राइव पर आधारित थी जो तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र फडणवीस ने उस समय के महाराष्ट्र विधानसभा



अध्यक्ष को सौंपी थी।

जांच पहले सीआईडी को और बाद में सीबीआई के सुपुर्द कर दी गई।

**विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन अवधि में विस्तार**

दुर्गा पूजा/दीपावली/छठ पूजा त्योहार–2024 के दौरान रेलयात्रियों की संख्या में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है इनका विवरण निम्नानुसार है :–

| रेलगाड़ी संख्या | से | तक | प्रस्थान के दिन | पूर्व अधिसूचित | विस्तारित अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | से | तक |
| 05636 | गुवाहाटी | श्री गंगानगर जं. | बुध | 25.09.24 | 02.10.24 | 27.11.24 |
| 05635 | श्री गंगानगर जं. | गुवाहाटी | रवि | 29.09.24 | 06.10.24 | 01.12.24 |
| 02525 | कामाख्या जं. | आनन्द विहार (ट) | शुक्र | 06.09.24 | 13.09.24 | 29.11.24 |
| 02526 | आनन्द विहार (ट) | कामाख्या जं. | रवि | 08.09.24 | 15.09.24 | 01.12.24 |
| 05671 | गुवाहाटी | आनन्द विहार (ट) | बुध | 04.09.24 | 11.09.24 | 27.11.24 |
| 05672 | आनन्द विहार (ट) | गुवाहाटी | शुक्र | 06.09.24 | 13.09.24 | 29.11.24 |
| 05734 | कटिहार जं. | अमृतसर जं. | वीर | 12.09.24 | 19.09.24 | 28.11.24 |
| 05733 | अमृतसर जं. | कटिहार जं. | शनि | 14.09.24 | 21.09.24 | 30.11.24 |

**रेलगाड़ी संख्या 01079/01080 का संशोधित परिचालन अवधि**

रेलगाड़ी संख्या 01079/01080 संशोधित परिचालन अवधि के साथ चलेगी , जिसका विवरण निम्नुसार है :–

| रेलगाड़ी संख्या | से | तक | प्रस्थान के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01079 | छत्रपति शिवाजी (ट) मुंबई | गोरखपुर जं. | प्रतिदिन | 25.10.24 से 07.11.24 | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01080 | गोरखपुर जं. | छत्रपति शिवाजी (ट) मुंबई | प्रतिदिन | 27.10.24 से 09.11.24 | 24.10.24 से 13.11.24 |

• अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद वेबसाइट : www.railmadad.indianrailways.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

2752/2024

You Tube पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**तैयारी** भारतीय सेना ने दो ऐतिहासिक कार्यक्रमों - 'हिम-ड्रोन-ए-थॉन 2' और 'हिमटेक-2024' का उद्घाटन किया

# अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ड्रोन प्रदर्शन

**आदित्य विक्रम सिंह**

**नई दिल्ली, मेट्रो मीडिया।** भारतीय सेना ने दो ऐतिहासिक कार्यक्रमों - 'हिम-ड्रोन-ए-थॉन 2' और 'हिमटेक-2024' का रहस्योद्घाटन किया। ये ऐतिहासिक कार्यक्रम सैन्य प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके ऊंचाई वाले क्षेत्रों में संचालन हेतु डिज़ाइन किए गए हैं।

काफी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अपनी ड्रोन क्षमताओं को प्रदर्शित करने हेतु भारतीय ड्रोन उद्योग के लिए एक अवसर के रूप में परिकल्पित 'हिम-ड्रोन-ए-थॉन 2' कार्यक्रम 17 और 18 सितंबर 2024 को लेह के पास वारी ला में होगा।

इसके बाद 20 और 21 सितंबर




2024 को हिमटेक-2024 आयोजित होगा। यह एक ऐसा कार्यक्रम है जिसे उंचाई वाले क्षेत्रों में सैन्य प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर ध्यान देने के साथ प्रौद्योगिकी, विचारों और नवाचारों के विकास, और समावेश के लिए नए रास्ते पर चर्चा, प्रदर्शन और खोज करने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

आर्मी डिजाइन ब्यूरो के अपर महानिदेशक मेजर जनरल सीएस मान ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारतीय सेना सियाचिन ग्लेशियर की बर्फीली ऊंचाइयों से लेकर बीहड़ हिमालय तक तैनात है, जहां उसके सैनिकों को रोजाना कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। ड्रोन संचालन के लिए, दुर्लभ वातावरण के कारण ड्रोन के हवा में उड़ने की क्षमता कम हो जाती है और इंजन का प्रदर्शन ख़राब हो जाता है, जो अत्यधिक ठंडे तापमान और तेज़ हवा की गति से और भी बढ़ जाता है।

ये स्थितियां भारतीय सेना के लिए ठीक नहीं हैं और ऐसी प्रणालियों की आवश्यकता है जो इन परिस्थितियों में पर्याप्त रूप से कार्य कर सकें। चूंकि इतनी ऊंचाई वाले युद्धक्षेत्र कहीं और नहीं हैं, इसलिए स्वदेशी समाधान ही आगे बढ़ने का रास्ता है। यदि स्वदेशी उद्योग यहां सफल होता है, तो यह उनके लिए अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में भी संभावनाएं खोलता है और भारत को एक विश्वसनीय ड्रोन विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। 'हिम-ड्रोन-ए-थॉन 2' उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए भारतीय सेना के लिए ड्रोन समाधान पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस कार्यक्रम को 4000-5000 मीटर की ऊंचाई पर वास्तविक इलाके और पर्यावरणीय परिस्थितियों में आयोजित करने की योजना है। यह आयोजन सभी स्वदेशी ड्रोन निर्माताओं के लिए खुला है और निगरानी ड्रोन, आवारा युद्ध सामग्री, लॉजिस्टिक्स ड्रोन, स्वार्म ड्रोन और विशिष्ट क्षमताओं/भूमिका/पेलोड यानी इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर, सिंथेटिक एपर्चर रडार, कम्युनिकेशन इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस वाले ड्रोन के प्रदर्शन के लिए उनकी भागीदारी को आमंत्रित करता है।